रोहतक
गुरुवार, 18 अप्रैल 2024
चैत्र मास शुक्ल पक्ष, दशमी वर्ष : 28, अंक : 81
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

मौसम
अधि. 37.0
न्यून. 23.0

haribhoomi.com

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




05 पैरा तीरंदाज शीतल ने सक्षम खिलाड़ियों के बीच जीता रजत

## खबर संक्षेप



### वायुसेना ने दो रोगियों को विमान से करगिल से श्रीनगर पहुंचाया

**नई दिल्ली।** भारतीय वायुसेना के एएन-32 विमान के जरिए दो रोगियों को बुधवार को करगिल से श्रीनगर ले जाया गया, जिन्हें तत्काल चिकित्सा सहायता की जरूरत थी। वायुसेना ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में विमान और उन्हें ले जाए जाने की तस्वीरें भी साझा कीं। पोस्ट में लिखा था, वायुसेना के एक एएन-32 से सुबह दो रोगियों को करगिल से श्रीनगर पहुंचाया गया। रोगियों को तत्काल चिकित्सा सहायता की जरूरत थी और उन्होंने स्थानीय प्रशासन के जरिए वायुसेना से मदद मांगी थी। भाषा

### गुजरात में हादसा: 10 लोगों की जान गई

**नाडियाड।** गुजरात के नाडियाड कस्बे के समीप अहदाबाद-वडोदरा एक्सप्रेस वे पर एक तेज रफ्तार कार की ट्रक से टक्कर हो गई, जिसमें कार सवार 10 लोगों की मौत हो गयी। नाडियाड देहात थाने के निरीक्षक किरीट चौधरी ने बताया, कार वडोदरा से अहमदाबाद की ओर जा रही थी कि तभी एक्सप्रेस वे पर वाहन ट्रक के पिछले हिस्से से जा टकराया। आठ लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो घायलों को एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी मौत हो गई। भाषा

### अनंतनाग में बिहार के मजदूर की हत्या

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में आतंकियों ने बिहार के एक मजदूर की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि इस साल घाटी में यह इस तरह की तीसरी घटना है। आतंकियों ने बिजबेहरा इलाके के जबलीपोरा में राजा शाह नामक गैर स्थानीय मजदूर को नजदीक से गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उसे अस्पताल ले जाया गया जहां उसने दम तोड़ दिया। यह घटना अनंतनाग लोकसभा क्षेत्र में हुई है जहां सात मई को तीसरे चरण में मतदान होना है। भाषा

*दुबई में भारत की 28 उड़ानें रद, बलूचिस्तान-खैबर पख्तूनख्वा में इमरजेंसी घोषित*

# दुबई में साल भर की वर्षा 2 दिन में हुई, पाक व 4 खाड़ी देशों में भारी बारिश, 70 की मौत

एजेंसी ▶▶ दुबई/इस्लामाबाद

पाकिस्तान और गल्फ देशों में पिछले 2 दिनों से खराब मौसम के कारण बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं। पाकिस्तान, ओमान और यूएई में अब तक 70 लोगों की जान जा चुकी है। पाकिस्तान में खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में भारी बारिश के चलते इमरजेंसी लगानी पड़ी है। वहां अब तक 50 लोग मारे गए हैं। 18 लोग ओमान में मारे गए हैं। सूत्रों का कहना है कि दुबई में एक साल की बारिश दो दिन में ही हो गई है। इसके कारणा हालात बिगड़े हुए हैं। दुबई में खराब मौसम के चलते भारत की 28 उड़ानें रद कर दी गई है। इनमें भारत आने वाली 13 और भारत से दुबई जाने वाली 15 उड़ानें शामिल हैं। पाक अखबार डॉन के मुताबिक पाकिस्तान के सभी प्रांतों में तेज बारिश हो रही है। वहां 32 लोग गंभीर रूप से घायल है। खराब मौसम का सबसे ज्यादा असर खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में है। यहां इमरजेंसी घोषित कर दी गई है।

**भारी तबाही**

सऊदी अरब ने सीडिंग विमानों ने दो दिनों ने सात बार उड़ान भरी थी। इसके कारण हालात बिगड़े



सऊदी में ऐसे बिगड़े हालात

**22 तक तेज बारिश का अलर्ट**

पाकिस्तान डिजास्टर मैनेजमेंट अथोरिटी (पीडीएमए) ने बलूचिस्तान, खैबर पख्तूनख्वा के चित्राल, दार, स्वात, अबोटाबाद लोगों को घर से न निकलने की एडवाइजरी जारी की है। पाकिस्तान के मौसम विभाग ने 22 अप्रैल तक पूरे देश में भारी बारिश, ओलावृष्टि का अलर्ट जारी किया है। पाकिस्तान के कई और प्रांतों के लिए बाढ़ की चेतावनी भी जारी की गई है।

### क्लाउड सीडिंग कारण

यूएई की सरकारी न्यूज एजेंसी डब्ल्यूएएम ने बारिश को ऐतिहासिक घटना कहा है। विशेषज्ञ इसके पीछे प्रकृति से छेड़छाड़ को वजह बता रहे हैं। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, दुबई और संयुक्त अरब अमीरात के दूसरे हिस्सों में हाल ही में हुई बारिश और उसके बाद आई बाढ़ देश में होने वाली क्लाउड सीडिंग से जुड़ी हुई है। यह देश बारिश को बढ़ाने के लिए क्लाउड सीडिंग तकनीक का उपयोग करने में आगे है। इस तकनीक का मुख्य उद्देश्य बढ़ती आबादी और अर्थव्यवस्था की पानी की मांग को पूरा करना है। यूएई ने 2002 में क्लाउड सीडिंग ऑपरेशन शुरू किया। इसमें खास अविध के दौरान बादलों की संरचना पर ध्यान केंद्रित किया गया, जब इनमें अतिरिक्त वर्षा की संभावना सबसे अधिक होती है। हाल ही में सीडिंग के लिए विमानों को अल-एन हवाई अड्डे से भेजा गया था। यूएई के राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने पुष्टि की कि अधिकतम वर्षा के लिए सीडिंग विमानों ने दो दिनों ने सात बार उड़ान भरी थी। इसके कारण ही बारिश से हालात बिगड़ गए।

### महाराष्ट्र में बेमौसम बारिश से 10 की मौत

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मराठवाड़ा क्षेत्र में नौ अप्रैल के बाद एक सप्ताह में बेमौसम बारिश के कारण 10 लोगों और 150 पशुओं की मौत हो गई। राज्य के राजस्व विभाग द्वारा तैयार की गई एक प्राथमिक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। मराठवाड़ा क्षेत्र में आठ जिले आते हैं, जिनमें छत्रपति शिवाजी नगर, जालना, बीड, परभणी, लातूर, नांदेड़, धाराशिव और हिंगोली शामिल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि मराठवाड़ा के विभिन्न हिस्सों में नौ अप्रैल से कई बार बेमौसम बारिश हो चुकी है, जिससे लोगों और पशुओं की मौत हुई है, बारिश और ओले गिरने से क्षेत्र के 481 गांवों में 450 मकानों को नुकसान हुआ है। रिपोर्ट में कहा गया है कि बेमौसम बारिश और ओले गिरने से 9,127 किसानों की 5,256.86 हेक्टेयर भूमि पर खड़ी फसल को नुकसान हुआ।

## मतदान कल, 21 राज्यों की 102 सीटों पर डाले जाएंगे वोट

# पहले चरण का प्रचार थमा अब रण में 1685 'योद्धा'

## 8 केंद्रीय मंत्री, 2 पूर्व मुख्यमंत्री और 1 पूर्व राज्यपाल की प्रतिष्ठा दांव पर

**नई दिल्ली (भाषा)।** लोकसभा चुनाव के पहले चरण का प्रचार अभियान बुधवार की शाम को थम गया है। 19 अप्रैल को पहले चरण की वोटिंग होगी। देश के 21 राज्यों और केंद्रीय शासित प्रदेशों की 102 लोकसभा सीटों पर कुल 1626 प्रत्याशी चुनाव लड़ रहे हैं। पहले चरण में आठ केंद्रीय मंत्री, दो पूर्व मुख्यमंत्री और एक पूर्व राज्यपाल की किस्मत दांव पर है। चुनाव के लिए सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। पोलिंग पार्टियां भी रवाना कर दी गई हैं। सुरक्षा के कड़क इंतजाम किए गए हैं। प्रचार के अंतिम दिन सभी दलों ने पूरी ताकत झोंक दी। 19 अप्रैल को उत्तर प्रदेश की आठ, राजस्थान की 13, मध्य प्रदेश की छह, असम की पांच, बिहार की चार, महाराष्ट्र की पांच, जम्मू-कश्मीर और छत्तीसगढ़ की एक-एक, मेघालय और अरुणाचल प्रदेश की दो-दो, त्रिपुरा की एक, उत्तराखंड की छह, तमिलनाडु की 39, पश्चिम बंगाल की तीन, सिक्किम, नगालैंड, अंडमान और निकोबार, मिजोरम, पुडुचेरी, मणिपुर और लक्षद्वीप में मतदान होगा।



### 19 अप्रैल को यहां मतदान

19 अप्रैल को उत्तर प्रदेश की आठ, राजस्थान की 13, मध्य प्रदेश की छह, असम की पांच, बिहार की चार, महाराष्ट्र की पांच, जम्मू-कश्मीर और छत्तीसगढ़ की एक-एक, मेघालय और अरुणाचल प्रदेश की दो-दो, त्रिपुरा की एक, उत्तराखंड की छह, तमिलनाडु की 39, पश्चिम बंगाल की तीन, सिक्किम, नगालैंड, अंडमान और निकोबार, मिजोरम, पुडुचेरी, मणिपुर और लक्षद्वीप में मतदान होगा।

### ये दिग्गज ठोक रहे ताल

**केंद्रीय मंत्री:** महाराष्ट्र की नागपुर सीट से केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, अरुणाचल पश्चिम से किरण रिजिजू, असम के डिब्रूगढ़ से सर्बानंद सोनोवाल, मुजफ्फरनगर से संजीव बलियान, जितेंद्र सिंह उधमपुर से, भूपेन्द्र यादव राजस्थान के अलवर से, बीकानेर से अर्जुन राम मेघवाल व नीलगिरी लोकसभा सीट पर एल मुरुगन मैदान में हैं।

**राज्यपाल:** तेलंगाना के राज्यपाल और पुडुचेरी के उपराज्यपाल पद से इस्तीफा देने वाली तमिलिसाई सौंदरराजन चेन्नई दक्षिण सीट से मैदान में हैं।

**दो पूर्व सीएम:** पश्चिम त्रिपुरा लोकसभा सीट पर पूर्व मुख्यमंत्री बिप्लब कुमार देब व अरुणाचल पश्चिम सीट से पूर्व सीएम नबाम तुकी मैदान में हैं।

### चुनाव आयोग ने एक्स से हटवाईं चार चुनावी पोस्ट

चुनाव आयोग ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स को 4 चुनावी पोस्ट हटाने का आदेश दिया। इनमें वाईएसआर कांग्रेस, आप, एन चंद्रबाबू नायडू और बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के पोस्ट शामिल हैं। आयोग का कहना है कि इन चार पोस्ट ने आचार संहिता का उल्लंघन किया है। एक्स ने कहा कि हम पोस्ट हटा रहे हैं, लेकिन इलेक्शन कमीशन के इस एक्शन से सहमत नहीं हैं, क्योंकि ये अभिव्यक्ति की आजादी के विपरीत है।


*रामनवमी पर ठीक 12 बजे अभिजीत मुहूर्त में 4 मिनट तक माथे पर पड़ी नीली किरणें*

# रामलला के ललाट पर सूर्यदेव ने किया तिलक

इस दिव्य घटना को कौतुक से देखती रही दुनिया | जगत गुरु राघवाचार्य ने 51 कलश से किया भगवान का अभिषेक | सुबह साढ़े तीन बजे ही खुल गए थे राम मंदिर के कपाट

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

अयोध्या में रामनवमी के मौके पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। बुधवार को राम मंदिर में रामलला का सूर्य अभिषेक हुआ। दोपहर 12 बजकर 01 मिनट से शुरू हुआ यह सूर्य अभिषेक करीब चार मिनट तक चला। इस दौरान सूर्यदेव ने श्री रामलला के ललाट तिलक किया इस दिव्य घटना को दुनिया कौतुक से देखती रही। राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के बाद रामलला का यह पहला सूर्य तिलक है। दोपहर 12 बजे अभिजीत मुहूर्त में रामलला का सूर्य तिलक किया गया और मस्तक पर 4 मिनट तक नीली किरणें पड़ीं। सूर्य तिलक के साथ ही रामलला का जन्म हो गया। मंदिर में आरती की गई। सूर्य तिलक के बाद कुछ देर के लिए रामलला के पट बंद कर दिए गए।



### ऐसे बनाया सिस्टम

सूर्य तिलक के लिए अष्टधातु के 20 पाइप से 65 फीट लंबा सिस्टम बनाया गया। इसमें 4 लेंस और 4 मिरर के जरिए गर्भ गृह तक रामलला के मस्तक पर किरणें पहुंचाई गईं। शाम तक 6 लाख श्रद्धालु अयोध्या में भगवान राम के दर्शन कर चुके थे। जन्मभूमि परिसर में लंबी लाइनें लगी हैं। राम पथ, भक्ति पथ और जन्मभूमि पथ पर काफी भीड़ उमड़ी।



रामलला के मस्तक पर सूर्य तिलक को अपने टैबलेट पर देखते मोदी

### बीस घंटे तक प्रभु दर्शन

इससे पहले जगद्गुरु राघवाचार्य ने 51 कलशों से भगवान रामलला का अभिषेक किया। सुबह 3.30 बजे मंदिर के कपाट खुल गए, आम दिनों में यह 6.30 बजे खुलते हैं। श्रद्धालु रात 11.30 बजे तक, यानी 20 घंटे दर्शन कर सकेंगे। पीएम नरेंद्र मोदी ने भी टैबलेट में रामलला का सूर्य तिलक देखा। रामनवमी के मौके पर लाखों की संख्या में श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे और भगवान राम के दर्शन किए।

### सूर्य तिलक देश को नई ऊंचाइयों को छूने के लिए प्रेरित करेगा : पीएम मोदी

**नलबाड़ी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को उम्मीद जताई कि अयोध्या के मंदिर में भगवान राम का सूर्य तिलक लोगों के जीवन में ऊर्जा लाएगा और देश को नई ऊंचाइयां छूने के लिए प्रेरित करेगा। प्रधानमंत्री ने यहां एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि 500 वर्ष बाद अयोध्या के मंदिर में सूर्य तिलक समारोह के साथ भगवान राम का जन्मोत्सव मनाया जा रहा है। उन्होंने रैली में कहा, "पूरे देश में एक नया माहौल है। हम 500 वर्ष बाद भगवान राम का जन्मोत्सव उनके ही मंदिर में मना रहे हैं और यह सदियों की भक्ति व पीढ़ियों के बलिदान की वजह से हो पाया।'

*महेंद्रगढ़ स्कूल बस हादसे में कार्रवाई*

# जीएल स्कूल का चेयरमैन गिरफ्तार प्रिंसिपल और सचिव को जेल भेजा

**नारनौल/कनीना(हरिभूमि न्यूज)।** कनीना गांव के पास उन्हानी में हुए स्कूल बस हादसे में पुलिस ने जीएल स्कूल के चेयरमैन राजेंद्र लोढ़ा को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, इस मामले में पुलिस ने स्कूल प्रिंसिपल और सचिव होशियार सिंह को बुधवार को कनीना कोर्ट में पेश किया। ये आरोपित 5 दिन के पुलिस रिमांड पर थे। कोर्ट ने दोनों आरोपितों को 26 अप्रैल तक जेल भेज दिया। इस मामले में अभी तक 8 आरोपितों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस अब डायरेक्टर सुभाष की तलाश कर रही है। सीआईए नारनौल और थाना शहर कनीना की पुलिस टीमों ने जीएल





पब्लिक स्कूल के चेयरमैन राजेंद्र निवासी कनीना को रेवाड़ी के गांव बव्वा से पकड़ा है। पुलिस उससे पूछताछ कर रही है। बता दें कि 11 अप्रैल को हुए इस हादसे में 6 बच्चों की मौत हो गई थी। बस का ड्राइवर महेंद्र शराब पीकर बस चला रहा था, जो ओवरस्पीड होने की वजह से पलट गई।

### अब तक 8 गिरफ्तार

इस मामले में अब तक 8 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस ने ड्राइवर धर्मेंद्र सहित उसके अन्य 4 साथियों हरिश, संदीप, भूदेव व नरेश को भी गिरफ्तार कर लिया था। जिन्होंने आरोपित ड्राइवर धर्मेंद्र के साथ घटना से एक घंटे पूर्व बस मे शराब पी थी। जिन्हें कोर्ट ने 26 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में पहले भेज दिया था।


### प्रेमिका को आत्महत्या के लिए उकसाने का जिम्मेदार नहीं ठहरा सकते : कोर्ट

**नई दिल्ली (भाषा)।** दिल्ली हाईकोर्ट ने आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में दो व्यक्तियों की अग्रिम जमानत मंजूर करते हुए कहा है कि यदि कोई पुरुष 'प्रेम में विफलता' के कारण अपनी जीवनलीला समाप्त कर लेता है, तो उसकी महिला साथी को आत्महत्या के लिए उकसाने का जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। अदालत ने कहा कि 'कमजोर और दुर्बल मानसिकता' वाले व्यक्ति द्वारा लिए गए गलत फैसले के लिए किसी अन्य व्यक्ति को दोषी नहीं ठहराया सकते। न्यायमूर्ति अमित महाजन ने कहा, 'यदि कोई प्रेमी प्रेम में विफल रहने के कारण, कोई छात्र परीक्षा में अपने खराब प्रदर्शन के या कोई मुवक्किल अपना मामला खारिज किए जाने के कारण आत्महत्या करता है तो क्रमशः प्रेमिका, परीक्षक व वकील को आत्महत्या के लिए उकसाने का जिम्मेदार नहीं ठहरा सकते।

## अंदर के पन्नों पर


- महासंग्राम से कम नहीं होगा सत्ता पक्ष के लिए (उत्सव) पेज-2
- अंबाला में किसानों ने शंभू बॉर्डर के पास रोकी रेल पेज-3
- कांग्रेस ने लूट 'ईस्ट नीति' अपनाई भाजपा ने उसे 'एक्ट ईस्ट' में बदला पेज-7
- हर साल 10 सिलेंडर मुफ्त देगी टीएमसी पेज-7
- भारत-पाक के बीच नहीं आएगा अमेरिका पेज-8
- हम देश से नक्सलवाद को जल्द उखाड़ फेंकेंगे : शाह पेज-8







### 'टाइम' के प्रभावशाली लोगों की सूची में साक्षी

**नई दिल्ली(भाषा)।** ओलंपिक पदक विजेता पहलवान साक्षी मलिक को 'टाइम' पत्रिका ने 2024 के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों में शामिल किया है। साक्षी को डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह द्वारा महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न के खिलाफ उनकी लड़ाई के लिए इस सूची में जगह दी गई है। सूची में अन्य भारतीयों में अभिनेत्री आलिया भट्ट, इंडो-ब्रिटिश अभिनेता देव पटेल और माइक्रोसॉफ्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सत्या नडेला शामिल हैं।



**यूएन की रिपोर्ट में दावा** | भारत दुनिया में सबसे अधिक आबादी वाला देश

*14 साल तक की उम्र की आबादी करीब 35 करोड़ चीन 142.5 करोड़ आबादी के साथ दूसरे स्थान पर*

# भारत की जनसंख्या 144 करोड़ से ज्यादा, 77 वर्ष में दोगुनी हुई

**नई दिल्ली (भाषा)।** संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत की अनुमानित जनसंख्या 144 करोड़ से अधिक हो चुकी है, जिसमें 24 प्रतिशत लोग 0 से 14 साल के उम्र के हैं। यूएनएफपीए की विश्व जनसंख्या 2024 रिपोर्ट - इंटरवॉवन लाइव्स, थ्रेड्स ऑफ होपः एंडिंग इनइक्वैलिटीज इन सैक्सुअल एंड रिप्रॉडक्टिव हेल्थ एंड राइट में अनुमान लगाया गया है कि भारत की जनसंख्या पिछले 77 सालों में दोगुनी हो चुकी है। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत 144.17 करोड़ की अनुमानित जनसंख्या के साथ विश्व स्तर पर सबसे आगे है, जबकि चीन को दूसरा स्थान प्राप्त है। वहां 142.5 करोड़ की आबादी है। भारत में साल 2011 में की गई जनगणना के दौरान यहां 121 करोड़ आबादी थी। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत की कुल आबादी का 24% हिस्सा 0-14 साल के लोगों का है। 15-64 साल की संख्या सबसे ज्यादा 64% है। पुरुषों की औसत आयु 71 और महिलाओं की 74 साल है।

### रिपोर्ट में यह खुलासा

- भारत की करीब 24 प्रतिशत आबादी 0-14 वर्ष की हैं, जबकि 17% 10-19 वर्ष के भीतर है।
- 10-24 साल के 26 प्रतिशत लोग हैं, जबकि 68 फीसदी 15-64 आयु वर्ग के हैं।
- 7% आबादी 65 वर्ष या उससे अधिक आयु की है, जिसमें पुरुषों की जीवन प्रत्याशा 71 वर्ष और महिलाओं की 74 वर्ष है।
- यौन और प्रजनन स्वास्थ्य में 30 वर्षों की प्रगति ने दुनिया भर में सबसे वंचित समुदायों को नजरअंदाज किया है।
- भारत में साल 2006-2023 के बीच 23% लोगों का बाल विवाह कराया गया था।



### मातृ मृत्यु में काफी गिरावट

भारत में मातृ मृत्यु में काफी गिरावट आई है, जो दुनिया भर में होने वाली ऐसी सभी मौतों का 8 प्रतिशत रह गया है। 'भारत की सफलता का श्रेय अक्सर किफायती, गुणवत्तापूर्ण मातृ स्वास्थ्य सेवाओं तक बेहतर पहुंच के साथ-साथ स्वास्थ्य परिणामों पर लैंगिक भेदभाव के प्रभाव को दूर करने के प्रयासों को दिया जाता है।'



# कोसली में कांग्रेस से टिकट के कई दावेदार, जनाधार के नाम पर अपने-अपने दावे

नरेन्द्र वत्स ▸▸| रेवाड़ी

कोसली में पिछली हार का अंतर पाटने के लिए कांग्रेस के संभावित प्रत्याशी दीपेंद्र सिंह हुड्डा भले ही नेताओं व आगामी विधानसभा चुनावों के लिए टिकट के दावेदारों की फौज खड़ी कर रहे हों, परंतु आंकड़ों के लिहाज से उन्हें ज्यादा उतसिहत होने की जरूरत नहीं है। दीपेंद्र ने जेजेपी की टिकट पर पिछला विधानसभा चुनाव लड़ चुके रामफल कोसलिया को कांग्रेस ज्वाइन कराकर खुद को मजबूत करने के संकेत दिए हैं, लेकिन आंकड़ों के लिहाज से कोसलिया भी उनके लिए चमत्कारी साबित होते नजर नहीं आ रहे हैं। रामफल कोसलिया गत विधानसभा चुनावों से पहले इनेलो छोड़कर जेजेपी में शामिल हो गए थे। दुष्यंत चौटाला ने सम्मान के तौर पर उन्हें टिकट देकर मैदान में उतारा था। कोसलिया को महज 15941 वोट मिले थे। यह वोट इनेलो में हुए बिखराव का ही एक हिस्सा माना गया था। इसी सीट पर इनेलो की टिकट से वर्ष 2014 में विधानसभा चुनाव लड़ने वाले जगदीश यादव 52 हजार से अधिक वोट लेकर भाजपा प्रत्याशी बिक्रम ठेकेदार को कड़ी टक्कर देने में कामयाब हुए थे। वर्ष 2009 के विधानसभा चुनावों में इनेलो की टिकट पर ही सतीश खोला ने भी चुनाव लड़ा था, जिन्हें 18.66 हजार वोट मिल पाए थे। यह वोट व्यक्तिगत जनाधार नहीं होकर, पार्टी के वोट माने गए थे।

## रामफल कोसलिया ने जेजेपी छोड़कर ज्वाइन की कांग्रेस, टिकट पर भी निर्दलीय जितने वोट नहीं किए थे हासिल



दीपेंद्र हुड्डा | जगदीश यादव | रामफल कोसलिया | अनिल पाल्हावास

### कोसलिया का व्यक्तिगत जनाधार होता तो मिलती टक्कर

रामफल कोसलिया का अगर व्यक्तिगत जनाधार होता, तो वह भाजपा प्रत्याशी को सीधी टक्कर देने की स्थित में होते। इस सीट पर जगदीश यादव का मजबूत जनाधार माना जाता है, जो किसी भी पार्टी में जाने पर उनके साथ मजबूती से जुड़ा रहता है। कोसलिया का दीपेंद्र के खेमे में जाना कितना फायदेमंद साबित होगा, यह अभी भविष्य के गर्भ में है।

### भूरथला ने सभी को चौंकाया

कोसली हलके से वर्ष 2014 के विधानसभा चुनावों में किसी पार्टी की टिकट नहीं मिलने के कारण विजय भूरथला ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ा था। इस चुनाव में विजय भूरथला को 16.56 हजार वोट मिले थे। भूरथला को मिले इन वोटों ने जगदीश यादव का समीकरण बिगाड़ने का काम कर दिया था। रामफल कोसलिया के मुकाबले भूरथला का प्रदर्शन कहीं ज्यादा बेहतर माना जा सकता है।

### बढ़ गया टिकट का एक और दावेदार

दीपेंद्र हुड्डा ने गत लोकसभा चुनावों में हुई कोसली हलके में भारी मतों से हार को कम करने या जीत दर्ज करने के लिए नेताओं की फौज खड़ी कर दी है। जनाधार के मामले में कई नेता खाली हाथ हैं। जिनके पास जनाधार है, वह टिकट की गारंटी के बिना खुलकर साथ देने को तैयार नहीं हैं। लोगों में चर्चा यही है कि दीपेंद्र इस समय कार्यकर्ताओं को तवज्जो देने की बजाय नेताओं को ही महत्व दे रहे हैं।

## खबर संक्षेप



रेवाड़ी। गोकलपुर में बेटी खुशी का घोड़ी पर बनवारा निकालते परिजन।

### घोड़ी पर बिठाकर बेटी का बनवारा निकाला

**रेवाड़ी।** गांव गोकलपुर में जितेन्द्र कुमार ने पुत्री का बनवारा घोड़ी पर निकालकर समाज को एक सार्थक संदेश दिया है। गोकलपुर के जितेन्द्र कुमार ने लड़का-लड़की की भेदभाव को न मानकर बेटी खुशी की परवरिश बेटों की तरह की। खुशी ने बीएससी पास की है। बुधवार को विवाह से पूर्व गत रात्रि गांव में खुशी का बनवारा घोड़ी पर बिठाकर निकाला गया।

### 2.605 किग्रा अफीम सहित युवक गिरफ्तार

**सिरसा।** एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस ने गश्त के दौरान महत्वपूर्ण सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए करीब साढ़ पांच लाख रुपए कीमत की 2 किलो 605 ग्राम अफीम सहित एक युवक को काबू किया है।

### अंबाला लोस सीट का एआरओ बदला गया

**चंडीगढ़।** आयोग ने अम्बाला लोस सीट के अंतर्गत पड़ने वाले मुलाना विस हलके में तैनात बराड़ा के एसडीओ का तबादला कर उनके स्थान पर अश्वनी मलिक को तैनात किया गया है।

# अंबाला में किसानों ने शंभू बार्डर के पास रोकी रेल, 34 ट्रेनें प्रभावित और 11 रद

## पुलिस जवानों से हुई धक्का-मुक्की, बैरिकेड्स तोड़कर ट्रैक पर जमाया डेरा

- किसान मांगों को लेकर 13 फरवरी से पंजाब और हरियाणा के बीच शंभू और खनौरी सीमा पर डेरा डाले हुए
- किसानों के प्रदर्शन को देखते हुए कई ट्रेनों के रूट डायवर्ट किए गए हैं तो कुछ के रूट शॉर्ट किए गए



अंबाला। शंभू रेलवे ट्रैक पर कब्जा जमाए किसान।



किसानों को रोकने का प्रयास करते पुलिस के जवान। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

किसानों की रिहाई के लिए बुधवार को शंभू बॉर्डर पर डटे किसानों ने शंभू रेलवे स्टेशन पर रेलवे ट्रैक जाम कर दिया है। दोपहर 12 बजे से किसान शंभू बॉर्डर के पास ही रेलवे ट्रैक पर बैठ गए। इस दौरान पंजाब पुलिस की ओर से किसानों को रोकने के हर संभव प्रयास किए गए। लेकिन पुलिस को कामयाबी नहीं मिल पाई। इस दौरान पुलिस व किसानों के बीच धक्कामुक्की भी हुई। किसानों ने पुलिस की ओर से उन्हें रोकने के लिए लगाए गए बैरिकेड भी तोड़ दिए। रेलवे ट्रैक जाम होने से रेलवे को कई ट्रेनों डायवर्ट करना पड़ा। कई ट्रेनें रद की गई। किसान सरकार से युवा नेता नवदीप सिंह जलबेड़ा समेत 3 किसानों की रिहाई की मांग कर रहे हैं। किसानों की रिहाई को लेकर किसानों की हरियाणा और पंजाब सरकार से मीटिंग हो चुकी है। किसानों का आरोप है कि मीटिंग के बावजूद जेल में बंद किसानों की रिहाई को लेकर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इसी वजह से किसानों ने रेलवे ट्रैक जाम करने का फैसला किया। शंभू रेलवे स्टेशन पर किसानों के रेल ट्रैक पर जमा होने से रेलवे की 34 ट्रेनों पर असर पड़ा। इसके अलावा रेलवे की ओर से 11 ट्रेनों को पूरी तरह से रद करना पड़ा। जबकि कई ट्रेनों के रूट डायवर्ट किए गए हैं तो कुछ के रूट शॉर्ट किए गए हैं। किसानों ने साफ कहा कि जब तक जेलों में बंद किसानों की रिहाई नहीं होती उनका विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा। पुलिस के भी होश उड़ रहे।

### किसानों को रिहा नहीं किया

इसी वजह से पुलिस ज्यादा देर तक किसानों को रोक नहीं पाई। उधर किसान नेता जगजीत डल्लेवाल ने कहा कि सरकार ने भरोसा देकर भी उनके सहयोगियों को रिहा नहीं कर रही है। हमारा एक किसान साथी जेल में मरणव्रत पर बैठा है। जब तक सरकार उसे रिहा नहीं करती, हम ट्रैक खाली नहीं करेंगे। अगर सरकार अभी रिहा कर दे तो हम 10 मिनट में हट जाएंगे। रेलवे ट्रैक जाम होने से आम लोगों की परेशानी को लेकर डल्लेवाल ने कहा कि हमारा साथी जिंदगी और मौत की लड़ाई लड़ रहा है। लोगों को इसमें हमारा सहयोग करना चाहिए। आंदोलन की अगुआई कर रहे किसान नेता सरवण सिंह पंधेर ने कहा कि हम रेल नहीं रोकना चाहते थे। मगर हमें इसके लिए मजबूर किया गया। सरकार ने 16 अप्रैल तक रिहाई का भरोसा देकर वादाखिलाफी की है। उन्होंने कहा कि रेल रोको आंदोलन अनिश्चितकाल के लिए रहेगा।

### विपक्ष ने भी कुछ मांगों पर क्लियर नहीं किया

किसान नेता पंधेर ने कहा कि लोकसभा चुनाव के दौरान हम भाजपा के साथ-साथ विपक्ष को भी सवाल पूछेंगे। उन्हें देश को डब्ल्यूटीओ से बाहर निकालने के बारे में स्टैंड पूछा जाएगा। लखीमपुर खीरी और शुभकरण मसले पर दोषियों को कैसे सजा दिलवाएंगे, इस बारे में सवाल किए जाएंगे। पंधेर ने कहा कि विपक्ष ने भी कुछ मांगों पर क्लियर नहीं किया है। इसमें विशेष तौर पर मनरेगा में एक साल में 200 दिन काम और 700 रुपए के हिसाब से दिहाड़ी शामिल है।

### पटियाला जिले में रेल पटरियों पर बैठे किसान

**चंडीगढ़।** संयुक्त किसान मोर्चा (गैर-राजनीतिक) और किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले किसान बुधवार को पंजाब एवं हरियाणा सीमा के पास पटियाला जिले में रेल पटरियों पर बैठ गए। वे लोग हरियाणा पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए तीन किसानों की रिहाई की मांग कर रहे थे। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि शंभू रेलवे स्टेशन पर किसानों के धरने के कारण कई रेलगाड़ियों के मार्ग में बदलाव किया गया है। किसान मजदूर मोर्चा नेता सरवन सिंह पंढेर ने कहा कि हरियाणा प्रशासन ने उन्हें आश्वासन दिया था कि गिरफ्तार किसानों को 16 अप्रैल तक रिहा कर दिया जाएगा। जब हमारे किसानों को रिहा नहीं किया गया, तो धरना देने का फैसला किया।

### विवाह के बहाने दुष्कर्म के आरोपित को बरी करने के फैसला बरकरार

**चंडीगढ़।** पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट ने विवाह के बहाने दुष्कर्म के आरोपित व्यक्ति को बरी करने के फैसले को बरकरार रखा है, जस्टिस हरप्रीत सिंह बराड़ ने कहा कि याचिकाकर्ता आरोपित के साथ सहमति से संबंध बना रही थी और बाद में उठे विवाद के कारण ही एफआईआर दर्ज की गई थी। ऐसे में, यह कोर्ट असफल रिश्ते का बदला लेने के लिए आपराधिक न्याय प्रणाली का दुरुपयोग करने की अनुमति नहीं दे सकता। हाईकोर्ट रोहतक कोर्ट के उस आदेश को चुनौती देने वाली एक कथित दुष्कर्म पीड़िता की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें आरोपित को दुष्कर्म के आरोप से बरी किया गया था। महिला के साथ उसके साथी ने शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया।

### जांच-ट्रायल लंबित रहते विभागीय जांच या गवाहियों पर रोक नहीं

**चंडीगढ़।** पंजाब एवम हरियाणा हाई कोर्ट ने अहम फैसला सुनाते हुए यह स्पष्ट कर दिया है कि आपराधिक मामले में जांच और ट्रायल लंबित रहते विभागीय जांच या गवाहियों पर रोक जरूरी नहीं है। पुलिस की जांच या अदालत के ट्रायल के समानांतर ही विभागीय जांच को पूरा किया जा सकता है। हाई कोर्ट ने यह आदेश 35 याचिकाओं को खारिज करते हुए जारी किया है जहां विभागीय जांच को आपराधिक मामला लंबित रहते रोकने का निर्देश जारी करने की अपील की गई थी। सभी याचिकाओं में प्राथमिक मुद्दा यह था कि जिस अपराध के लिए पुलिस की जांच या ट्रायल जारी है तो क्या इसके लंबित रहते उसी अपराध के लिए नियमित विभागीय कार्यवाही पर रोक लगाना जरूरी है।



### साइबर फ्रॉड पर लगाम के लिए बैंक के अधिकारियों के साथ डीजीपी की बैठक

**चंडीगढ़।** साइबर अपराध नियंत्रण को लेकर अग्रणी स्थान रकने वाली हरियाणा पुलिस सुरक्षा तंत्र को और सुदृढ़ करने को लेकर देश भर के राज्यों का प्रतिनिधित्व कर रहा है। अपराध नियंत्रण को लेकर किए जा रहे प्रयासों के कारण हरियाणा पुलिस सितंबर-2023 में जहां देशभर में 23वें स्थान पर थी वहीं मार्च-2024 में प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार देशभर में पहले स्थान पर पहुंच गई है। डीजीपी ने अगस्त-2023 में अपना पदभार संभालने उपरांत साइबर अपराध नियंत्रण को अपनी प्राथमिकताओं में शामिल किया और साइबर अपराध नियंत्रण को लेकर आ रही समस्याओं के प्रत्येक पहलु का साइबर टीम के साथ बारिकी से अध्ययन किया और पायलट तौर पर बैंक के नोडल अधिकारी को हरियाणा पुलिस के वर्क स्टेशन में तैनात किया गया।

### आईएएस डॉ. डी सुरेश को राज्य सूचना आयोग से राहत मिली

# आईएएस डी सुरेश के विरुद्ध नई जांच के लिए एसीबी की ओर से सरकार को पत्र

- चुनावी ड्यूटी पर गए प्रधान सचिव डी सुरेश ने लगाया आरोप, जानबूझकर उनके विरुद्ध केस दर्ज करने की इजाजत मांगी जा रही

योगेंद शर्मा ▸▸| चंडीगढ़

भ्रष्टाचार के विरुद्ध मुहिम चला रहे एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) अफसरों के विरुद्ध अब आईएएस अफसरों ने भी मोर्चा खोल दिया है। पहले से कुछ मामलों में सिरदर्द झेल रहे हरियाणा कैडर के आईएएस अफसर डी. सुरेश ने ब्यूरो में तैनात अफसरों के विरुद्ध मोर्चा खोलते हुए शिकायत भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त को शिकायत भेजकर एक साजिश के तहत उनके विरुद्ध मुहिम चला रहे हैं। डी सुरेश का कहना है कि वे इन दिनों बतौर पर्यवेक्षक की ड्यूटी पर हैं, लेकिन एंटी करप्शन ब्यूरो के अधिकारी उनके विरुद्ध कुछ अन्य मामलों में केस दर्ज कराने की परमिशन मांगने में जुटे हुए हैं। हरियाणा कैडर के 1995 बैच के प्रमुख सचिव डी. सुरेश के विरुद्ध हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो द्वारा हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण प्लाट सहित पहले ही तीन जांच खोली हुई है। अब एक बार फिर से ब्यूरो द्वारा कई मामलों में जांच करने की अनुमति के लिए राज्य सरकार के मुख्य सचिव को पत्र भेजा है। जबकि डी सुरेश इन दिनों चुनावी ड्यूटी पर चल रहे हैं। उन्होंने देश के मुख्य चुनाव आयुक्त, राज्य के मुख्य सचिव, गृह विभाग के एसीएस को पत्र भेजकर एसीबी अफसरों की मंशा पर सवाल खड़े किए हैं। सुरेश ने अपने पत्र में आरोप लगाया है ब्यूरो पारदर्शिता, नियम कानूनों से अलग हटकर काम कर रहा है। सुरेश ने पत्र में आशंका जाहिर की है कि उनका कोई छिपा हुआ एजेंडा है। पत्र में डी सुरेश ने साक्ष्य गढ़ने, जबरन साक्ष्यों को तैयार करने जैसे काम किए जा रहे हैं।

### 15 दिन में सूचना मुहैया कराने के आदेश

हरियाणा के आईएएस डॉ. डी सुरेश को राज्य सूचना आयोग से राहत मिली है। राज्य सूचना आयोग ने जन सूचना अधिकारी को 15 दिन के भीतर उनकी तरफ से मांगी सूचना मुहैया कराने का आदेश दिया है। मुख्य सूचना आयुक्त विजय वर्धन ने इस अपील की सुनवाई करने के बाद 16 नवंबर 2023 को फैसला सुरक्षित रखा था। उन्होंने यह फैसला अब सुनाया है। डी सुरेश ने 10 अगस्त 2023 को मुख्य सचिव कार्यालय के जन सूचना अधिकारी से उनके विरुद्ध शुरू की गई एसीबी की तरफ से शुरू की गई जांच नंबर 12, 13, 14 और 17 ए की मंजूरी की सूचना मांगी थी। जन सूचना अधिकारी ने यह सूचना नहीं दी क्योंकि जांच नंबर 13 , 14 की एसीबी की जांच रिपोर्ट सरकार के विचाराधीन है। डी सुरेश ने कहा कि एसीबी की तरफ से उनके खिलाफ की गई जांचें अवैध हैं क्योंकि भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम 1988 की धारा 17 ए की जरूरी अनुमति सरकार से नहीं ली गई है।

### एसीबी ने साधी चुप्पी

एसीबी की ओर से कोई भी कुछ बोलने को तैयार नहीं है। हालांकि चुनाव आयोग से जुड़े एक अनुभवी अफसर का तर्क है कि आयोग का मतलब तो शांतिपूर्ण और निष्पक्ष ढंग से चुनाव कराने तक है, किन अफसरों के विरुद्ध पहले से क्या जांच व कार्रवाई चल रही है, यह देखना उनका काम नहीं है।

### सीएम सैनी ने पलवल में विजय संकल्प रैली में सरकार की उपलब्धियां गिनाई

# मोदी सरकार ने 10 सालों में किसानों, युवाओं गरीबों और महिलाओं के सपने साकार किए

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पलवल



पलवल। विजय संकल्प रैली में कार्यकर्ताओं को अभिवादन स्वीकारते सीएम सैनी।

हरियाणा के मुख्यमंत्री एवं प्रदेश अध्यक्ष नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश की संस्कृति और संस्कार का संरक्षण किया है। पिछली सरकारों के दौरान संस्कृति और संस्कार विलुप्त हो रहे थे। आज हमें अपनी संस्कृति पर गौरव महसूस हो रहा है। पीएम मोदी के नेतृत्व में केदारनाथ, कांशी विश्वनाथ, सोमनाथ मंदिर का जीर्णोद्धार हुआ है। 140 करोड़ लोगों के लिए गर्व की बात है कि 500 सालों के बाद राम लला भव्य और दिव्य मंदिर में विराजमान हुए। सैनी ने कहा कि भाजपा सरकार लोगों के हित में काम करने वाली सरकार है। मजबूती से देश के आगे बढ़ाने वाली सरकार है। बुधवार को मुख्यमंत्री नायब सैनी फरीदाबाद लोकसभा की पलवल विधानसभा में विजय संकल्प रैली को संबोधित कर रहे थे। यहां मुख्यमंत्री सैनी ने कहा कि मोदी सरकार ने 10 सालों में किसानों के खातों में 3 लाख करोड़ रुपये सीधे भेजने का काम किया है। पीएम ने 10 सालों देश की कायापलट की।




# युवती के पिता की धमकी से खफा युवक ने जहर निगल की आत्महत्या

- मृतक की इलाके की ही युवती से फोन पर होती थी बातचीत तथा चैटिंग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जींद



भिवानी रोड पर बीती रात एक युवक ने लड़की के पिता द्वारा धमकी दिए जाने से खफा होकर जहरीला पदार्थ निगल आत्महत्या कर ली। मृतक नगर परिषद में कौशल रोजगार के तहत लगा हुआ था। शहर थाना पुलिस ने मृतक के भाई की शिकायत पर लड़की के पिता खिलाफ आत्महत्या के लिए मजबूर करने का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। भिवानी रोड निवासी स्वराज (21) ने बीती देर रात संदिग्ध हालात के चलते जहरीला पदार्थ निगल लिया। जिसे उपचार के लिए रोहतक रोड के निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां बुधवार सुबह स्वराज की उपचार के दौरान मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर शहर थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और हालातों को जायजा लिया। मृतक के भाई मनदीप ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसका भाई स्वराज नगर परिषद में कौशल रोजगार के तहत लगा हुआ था। स्वराज की काफी समय से एक युवती से फोन पर बातचीत तथा चैटिंग होती थी। जिसके बारे में युवती के पिता को पता चल चुका था। बीती देर शाम युवती के पिता ने उसके भाई को फोन पर बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी थी। जिससे परेशान होकर उसके भाई स्वराज ने जहरीला पदार्थ खा कर आत्महत्या कर ली। संदीप की शिकायत पर युवती के पिता के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### लोकसभा चुनाव से पहले हरियाणा कांग्रेस में हुई बंपर ज्वाइनिंग

**चंडीगढ़।** हरियाणा में कांग्रेस का कुनबा लगातार बढ़ता जा रहा है। एक बार फिर पार्टी में बंपर ज्वाइनिंग हुई है। 2019 में कोसली विधानसभा क्षेत्र से जजपा प्रत्याशी रहे रामफल कोसलिया, जजपा के प्रदेश सचिव नरेश जून, कोसली से निर्दलीय प्रत्याशी रही विनोद कुमारी, भारतीय शक्ति चेतना पार्टी से कोसली प्रत्याशी रहे रामअवतार पचेरवाल कांग्रेस में शामिल हो गया है। इस दौरान बीजेपी, जेजेपी और इनेलो से भी दर्जनों लोगों ने कांग्रेस का दामन थामा। सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने सभी को कांग्रेस का पटका पहनाकर कांग्रेस में शामिल करवाया, और उनका पार्टी में स्वागत किया। कांग्रेस पार्टी में शामिल हुए सभी नेताओं और कार्यकर्ताओ को दीपेंद्र हुड्डा ने विश्वास दिलाया कि सभी को पार्टी में पूरा मान सम्मान दिया जायेगा। और सभी मिलकर मजबूती के साथ कांग्रेस की सरकार बनाएंगे।

### हरियाणा कौशल विकास मिशन रिश्वत केस में एसीबी को झटका, सरकारी गवाह बनाने की अर्जी खारिज

**चंडीगढ़।** हरियाणा कौशल विकास मिशन रिश्वत केस में एसीबी को झटका लगा है। हरियाणा के आईएएस विजय दहिया के खिलाफ आरोपी दीपक शर्मा की अप्रूवर ( सरकारी गवाह ) बनाने की अर्जी पंचकूला अदालत ने खारिज कर दी है। दीपक शर्मा ने यह अर्जी लगाई थी, इसके लिए हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो ने भी सहमति दी थी। एडिशनल सेशन जज प्रवीन कुमार लाल की कोर्ट ने इस केस में दूसरे आरोपी विजय दहिया और पूनम चोपड़ा को भी जवाब दायर करने के लिए मौका दिया है। दोनों ने अलग-अलग जवाब दावे में कहा कि दीपक शर्मा बार-बार बयान बदलता रहा है । इस मामले में कोर्ट का डिलेड ऑर्डर मंगलवार को जारी किया गया है। कोर्ट ने यह फैसला गत 12 अप्रैल को सुनाया था



## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 7 | 6 | 1 | 12 |
| कोलकाता | 6 | 4 | 2 | 8 |
| चेन्नई | 6 | 4 | 2 | 8 |
| हैदराबाद | 6 | 4 | 2 | 8 |
| लखनऊ | 6 | 3 | 3 | 6 |
| दिल्ली | 7 | 3 | 4 | 6 |
| गुजरात | 7 | 3 | 4 | 6 |
| पंजाब | 6 | 2 | 4 | 4 |
| मुंबई | 6 | 2 | 4 | 4 |
| बेंगलोर | 7 | 1 | 6 | 2 |

ऑरेंज कैप



विराट कोहली
361 रन
बेंगलोर

पर्पल कैप



युजुवेन्द्र चहल
12 विकेट
राजस्थान

बाउंड्री मीटर
938 चौके
546 छक्के

# पेरिस ओलंपिक की 100 दिनों की उलटी गिनती शुरू, खेलों की विरासत बनाए रखने पर जोर

एजेंसी ▶▶| पेरिस

पेरिस ओलंपिक के शुरू होने में 100 दिन बचे हैं और इसके आयोजक इन खेलों के जरिए ऐसी विरासत तैयार करना चाहते हैं जिससे ओलंपिक के लिए बनाई गई सुविधाओं का इस्तेमाल लंबे समय तक स्थानीय बच्चे और युवा कर सकें।

फ्रांस की राजधानी में एक सदी से अधिक समय के बाद हो रहे ओलंपिक खेलों का मूल्यांकन केवल इसके व्यापक होने के आधार पर नहीं किया जाएगा। एक और पैमाना पेरिस के आसपास के शहरों पर इसका सकारात्मक प्रभाव होगा। इस ओलंपिक के मेजबान के मुताबिक ये खेल सामाजिक रूप से सकारात्मक होने के साथ ही कम प्रदूषणकारी और कम बर्बादी वाले होंगे।




### सेनी-सेंट डेनिस में ओलंपिक गांव का निर्माण

*फ्रांस के सबसे पिछड़े इलाकों में से एक 'सेनी-सेंट डेनिस' क्षेत्र को इस ओलंपिक से काफी उम्मीदें हैं। प्रवासियों से भरे इस क्षेत्र के लोगों को नस्लीय भेदभाव और अन्य तरह की रुकावटों का सामना करना पड़ता है। इसी क्षेत्र में ओलंपिक गांव का निर्माण हुआ है जिसमें 10,500 से ज्यादा ओलंपिक और 4,400 से ज्यादा पैरालंपिक खिलाड़ी रहेंगे। यह स्थान ट्रैक एवं फील्ड स्पर्धा के साथ रग्बी और समापन समारोह की मेजबानी करेगा।*

### लंबे समय तक मिले फायदा


आयोजन समिति की विरासत निदेशक मैरी बार्साक ने एक साक्षात्कार में कहा, 'हम वास्तव में उस तरह की सुविधाओं का निर्माण नहीं करना चाहते थे जिनकी भविष्य में जरूरत नहीं होगी।' सेवरान के मेयर स्टीफन ब्लैंचेट ने कहा, 'इन ओलंपिक खेलों की महत्वाकांक्षा यह है कि इससे लंबे समय तक सभी को फायदा हो सके।'

### कम खर्च में होगा आयोजन

एक आकलन के मुताबिक पेरिस खेलों का खर्च पिछले तीन ओलंपिक मेजबानों (2020-टोक्यो, 2016- रियो और 2012-लंदन) से कम होगा। इसके साथ ही आयोजक लगभग आधी रकम को प्रायोजकों, टिकट और गैर-सार्वजनिक वित्तपोषण से हासिल कर लेंगे जिससे देश के करदाताओं पर कम बोझ पड़ेगा।

### अमेरिका और चीन रहेंगे शीर्ष पर

*अमेरिका और चीन के स्वर्ण पदक और कुल पदकों की संख्या के मामले में 100 दिन में शुरू हो रहे पेरिस ओलंपिक में शीर्ष दो में रहने की उम्मीद है। अमेरिका के 39 स्वर्ण सहित कुल 123 पदक जीतने का अनुमान है। चीन के 35 स्वर्ण सहित 89 पदक जीतने की संभावना है। तीन साल पहले महामारी के कारण विलंब से हुए टोक्यो ओलंपिक में भी ये दोनों देश स्वर्ण पदक और कुल पदक के मामले में शीर्ष दो में रहे थे। यह पूर्वानुमान नीलसन के ग्रेसनोट स्पोर्ट्स द्वारा लगाया गया है जो दुनिया भर की खेल लीग के लिए सांख्यिकीय विश्लेषण प्रदान करता है। मेजबान देश की पदकों की संख्या में हमेशा इजाफा होता है और टोक्यो में कुल 33*




*पदक जीतने वाले फ्रांस को पेरिस में 55 पदक मिलने का अनुमान है। फ्रांस ने टोक्यो में 10 स्वर्ण पदक जीते थे और पेरिस में उसे इससे लगभग तीन गुना 28 पदक मिलने का अनुमान लगाया गया है। टोक्यो में जापान ने भी अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 27 स्वर्ण सहित कुल 58 पदक जीते थे।*

## खबर संक्षेप



### अय्यर पर लगा 12 लाख रुपए का जुर्माना

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान श्रेयस अय्यर पर यहां राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया है। केकेआर की टीम मंगलवार को यहां रॉयल्स से दो विकेट से हार गई जिसमें जोस बटलर ने 60 गेंद में नाबाद 107 रन बनाए। आईपीएल ने विज्ञप्ति में कहा, 'आईपीएल की न्यूनतम ओवर गति से संबंधित आचार संहिता के तहत यह उनकी टीम का सत्र का पहला अपराध था इसलिए अय्यर पर 12 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया।'

### नारायण को फैसला वापस लेने मनाएंगे पावेल

**कोलकाता।** वेस्टइंडीज के कप्तान रोवमैन पावेल ने कहा है कि फॉर्म में चल रहे सुनील नारायण को इस साल के टी20 विश्व कप के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास से वापसी करने के लिए मनाने की कोशिशें की जा रही हैं। लेकिन कोलकाता के इस स्टार खिलाड़ी ने अब तक उन सभी लोगों को 'ब्लॉक' कर दिया है जिन्होंने उनके बात करने की कोशिश की है। अगले महीने 36 बरस के होने जा रहे नारायण ने दुनिया भर की फ्रेंचाइजी टी20 लीग पर ध्यान केंद्रित करने के लिए पिछले साल नवंबर में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था।



### कोहली, धोनी की तरह भरोसा बरकरार रखा

**कोलकाता।** राजस्थान रॉयल्स के जोस बटलर ने आईपीएल में 'अजीब चीजें' होते देखी हैं और उन्होंने विराट कोहली तथा महेंद्र सिंह धोनी जैसे खिलाड़ियों से प्रेरणा लेकर यहां कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ अकेले दम पर टूर्नामेंट के इतिहास का सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल करने में टीम की मदद की। बटलर ने 60 गेंदों में नाबाद 107 रन बनाए जिससे राजस्थान रॉयल्स ने मंगलवार रात नाइट राइडर्स को दो विकेट से हराया।




## आईपीएल : गुजरात का अब तक का सबसे कम स्कोर 17.3 ओवर में 89 रन बने

# पंत और गेंदबाज चमके, दिल्ली ने गुजरात को छह विकेट से हराया

भाषा ▶▶| अहमदाबाद

दिल्ली ने महज 8.5 ओवर में चार विकेट पर 92 रन बना लक्ष्य हासिल किया । दिल्ली कैपिटल्स ने कप्तान ऋषभ पंत और गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन की बदौलत बुधवार को यहां कम स्कोर वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच में गुजरात टाइटन्स को छह विकेट से शिकस्त दी। दिल्ली कैपिटल्स ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला करते हुए गुजरात टाइटन्स को 17.3 ओवर में 89 रन पर ढेर कर दिया जो इस सत्र में किसी भी टीम का सबसे कम स्कोर है। गुजरात टाइटन्स का यह आईपीएल में अब तक का सबसे कम स्कोर भी था। पिछले कुछ मैचों में दिल्ली कैपिटल्स के गेंदबाज असरदार नहीं रहे थे लेकिन आखिरकार इस मैच में जलवा दिखाने में सफल रहे। मुकेश कुमार सबसे ज्यादा सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 14 रन देकर तीन विकेट झटके जबकि इशांत शर्मा ने आठ रन देकर दो और ट्रिस्टन स्टब्स ने अपने एक ओवर में दो विकेट हासिल किये। गुजरात टाइटन्स की बल्लेबाजी काफी खराब रही, उसके लिए केवल तीन खिलाड़ी दोहरे अंक तक पहुंचे



जिसमें से राशिद खान ने सबसे ज्यादा 24 गेंद में 31 रन बनाये जिन्होंने टीम की पारी का एकमात्र छक्का भी लगाया। दिल्ली कैपिटल्स ने यह लक्ष्य महज 8.5 ओवर में चार विकेट पर 92 रन बनाकर हासिल कर लिया जिससे उसके रन रेट में भी इजाफा हुआ। पंत की कप्तानी लाजवाब रही, जिन्होंने सही समय पर गेंदबाजों को लगाने के अलावा स्टंप के पीछे शानदार प्रदर्शन किया और फिर 11 गेंद में नाबाद 16 रन बनाकर जीत दिलायी। यह विकेटकीपर बल्लेबाज विकेट के पीछे काफी फुर्तीला रहा, उन्होंने विकेट के पीछे कैच लपकने के अलावा शानदार स्टंपिंग भी की और टी20 विश्व कप को देखते हुए उनका प्रदर्शन भारतीय क्रिकेट के लिए अच्छा संकेत है। दिल्ली कैपिटल्स के लिए जेक फ्रेजर मैकगुर्क ने 20 रन, शाई होप ने 19 रन और अभिषेक पोरेल ने 15 रन का योगदान दिया। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद कप्तान शुभमन गिल (08) ने खलील अहमद की गेंद पर पारी का पहला शॉट लगाया। गिल ने फिर इशांत की गेंद को ऑफ साइड पर गैप से निकालकर चौका लगाया। लेकिन अगली ही फुल लेंथ गेंद पर गिल सीधे कवर पर पृथ्वी साव को कैच देकर आउट हो गये। साई सुदर्शन (12) ने लगातार दो चौके से शुरूआत की जिसमें एक्स्ट्रा कवर पर एक बेहतरीन चौका भी शामिल था। 9 पंत ने इशांत के बजाय मुकेश कुमार को गेंदबाजी के लिए लगाया। इस गेंदबाज ने अपने पहले ओवर की पांचवीं गेंद पर ऋद्धिमान साहा (02) का विकेट झटक लिया।

**गुजरात-89/10 (17.3)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| साहा बो मुकेश कुमार | 02 |
| गिल का साव बो शर्मा | 08 |
| साई रन आउट (सुमित कुमार) | 12 |
| मिलर का पंत बो शर्मा | 02 |
| मनोहर स्ट पंत बो स्टब्स | 08 |
| तेवतिया पगबाधा बो पटेल | 10 |
| शाहरूख स्ट पंत बो स्टब्स | 00 |
| राशिद का पंत बो मुकेश कुमार | 31 |
| मोहित का सुमित बो अहमद | 04 |
| नूर अहमद बो मुकेश कुमार | 01 |
| स्पेंसर जॉनसन नाबाद | 01 |

अतिरिक्त : 10
कुल : 17.3 ओवर में 89 रन पर सभी आउट
विकेट पतन : 1-11, 2-28, 3-28, 4-30, 5-47, 6-48, 7-66, 8-78, 9-88
गेंदबाजी : खलील अहमद 4-1-18-1, इशांत शर्मा 2-0-8-2, मुकेश कुमार 2.3-0-14-3, कुलदीप यादव 4-0-18-0, स्टब्स 1-0-11-2, अक्षर पटेल 4-0-17-1

**दिल्ली-92/4 (8.5)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| पृथ्वी का जॉनसन बो संदीप | 07 |
| मैकगुर्क का मनोहर बो जॉनसन | 20 |
| पोरेल बो संदीप वारियर | 15 |
| होप का मोहित शर्मा बो राशिद | 19 |
| ऋषभ पंत नाबाद | 16 |
| सुमित कुमार नाबाद | 09 |

अतिरिक्त : 06
कुल : 8.5 ओवर में 4 विकेट पर 92 रन
विकेट पतन : 1-25, 2-31, 3-65, 4-67
गेंदबाजी : संदीप वारियर 3-0-40-2, स्पेंसर जॉनसन 2-0-22-1, राशिद खान 2-0-12-1, नूर 1.5-0-14-0

खास खबर

## पैरा तीरंदाज शीतल ने सक्षम खिलाड़ियों के बीच जीता रजत



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एशियाई पैरा खेलों की स्वर्ण विजेता शीतल देवी ने खेलो इंडिया एनटीपीसी राष्ट्रीय रैंकिंग तीरंदाजी प्रतियोगिता में सक्षम खिलाड़ियों के बीच रजत पदक जीता। वह हरियाणा की एकता रानी के बाद दूसरे स्थान पर रहीं जो जूनियर विश्व चैंपियन हैं। डीडीए यमुना खेल परिसर में आयोजित प्रतियोगिता में 17 वर्षीय शीतल ने सक्षम जूनियर तीरंदाजों के साथ प्रतिस्पर्धा की और व्यक्तिगत कंपाउंड स्पर्धा के फाइनल में एकता से 138-140 से हार गईं।

इस साल की शुरुआत में हांगझोउ एशियाई पैरा खेलों में दो स्वर्ण और एक रजत पदक जीतने के लिए अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित शीतल का जन्म फोकोमेलिया नामक एक दुर्लभ बीमारी के साथ हुआ था। वह पहली और एकमात्र अंतरराष्ट्रीय पैरा तीरंदाज हैं जिनकी बांह नहीं है। शीतल का मानना है कि खेलो इंडिया प्रतियोगिता में उनके प्रदर्शन से उन्हें आगे की चुनौतियों के लिए तैयार होने में मदद मिलेगी। एकता को स्वर्ण पदक जीतने के लिए 50 हजार रुपए की पुरस्कार राशि मिली जबकि शीतल को 40 हजार रुपए मिले। टूर्नामेंट तीन श्रेणियों - सीनियर, जूनियर और सब जूनियर रिकर्व तथा कंपाउंड वर्ग में आयोजित किया गया था। इस प्रतियोगिता में 87 तीरंदाजों ने भाग लिया।




## चैंपियंस लीग : पीएसजी ने बार्सिलोना को 4-1 से हराया, सेमीफाइनल में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶| बार्सीलोना

एक घंटे से अधिक समय तक एक अतिरिक्त खिलाड़ी से खेल रहे पेरिस सेंट जर्मेन ने दूसरे चरण में बार्सीलोना को हराकर चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। काइलियान एमबापे ने दो गोल दागे जिससे पीएसजी ने मंगलवार को 4-1 से जीत दर्ज की और घरेलू मैदान पर पहले चरण में हार के बावजूद 6-4 के कुल स्कोर से सेमीफाइनल में जगह बनाई। फ्रांस के स्टार खिलाड़ी एमबापे के क्लब के साथ आखिरी सत्र में टीम की पहले यूरोपीय खिताब की उम्मीद बरकरार है। बार्सीलोना के डिफेंडर रोनाल्ड अराउजो को 29वें मिनट में ब्रेडली बार्कोला के खिलाफ फाउल के लिए लाल कार्ड दिखाया गया जिसके बाद टीम को बाकी



मुकाबला 10 खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। बार्सीलोना को 12वें मिनट में राफिन्हा ने बढ़त दिलाई जिसके बाद 40वें मिनट में ओसमाने डेम्बेले ने स्कोर 1-1 कर दिया। विटिन्हा ने 54वें मिनट में गोल करके पीएसजी को 2-1 से आगे किया। डेम्बेले और विटिन्हा दोनों बार्सीलोना के लिए खेल चुके हैं। एमबापे ने इसके बाद 61वें मिनट में पेनल्टी पर गोल दागा और फिर 89वें मिनट में एक और गोल करके टीम की 4-1 की जीत सुनिश्चित करते हुए उसे सेमीफाइनल में जगह दिलाई।

## पंजाब और मुंबई के बीच मैच आज 6-6 मैचों में दोनों के समान 4 अंक

एजेंसी ▶▶| मुल्लांपुर

पंजाब किंग्स और मुंबई इंडियंस निचले हाफ में चल रही दो टीम की जंग में गुरुवार को यहां जब आमने-सामने होंगे तो दोनों इंडियन प्रीमियर लीग में अपने लड़खड़ाते अभियान को फिर से पटरी पर लाने के लिए बेताब होंगे। छह-छह मैचों के बाद दोनों टीमों के समान चार अंक है। दोनों की नेट रन रेट में दशमलव अंकों का अंतर है। पंजाब माइनस 0.218 के नेट रन रेट से सातवें जबकि मुंबई इंडियंस (माइनस 0.234) आठवें स्थान पर है। पंजाब और मुंबई दोनों ने चार-चार मैच गंवाए है। दोनों ने अपने पिछले मैच हारे हैं और इस मैच में जीत के साथ वापसी करने की कोशिश



करेंगे। पंजाब के लिए अपने शीर्ष क्रम से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कराने की चुनौती बढ़ गई है क्योंकि नियमित कप्तान शिखर धवन कंधे की चोट के कारण 'सात से 10 दिन' के लिए बाहर हो गए हैं। इस सत्र में पंजाब की टीम के लिए अंजान भारतीय खिलाड़ियों शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा ने अच्छा प्रदर्शन किया है लेकिन ये दोनों निचले क्रम में बल्लेबाजी करते हैं ।

## एशियन चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम का कैम्प शुरू

■ श्रीजेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनूं में शुरू हुआ 10 दिन का कैम्प

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वियतनाम में वर्ल्ड ताइक्वांडो फेडरेशन द्वारा आयोजित होने वाली एशियन सीनियर ताइक्वांडो चैम्पियनशिप के लिए भारतीय टीम का प्रशिक्षण शिविर झुंझुनूं स्तिथ श्रीजेजेटी यूनिवर्सिटी में शुरू हो गया है। 10 दिवसीय कैम्प में पुरुष, महिला वर्ग के खिलाड़ियों के ट्रायल उपरांत चयन की प्रक्रिया भी पूरी की जाएगी। भारतीय ताइक्वांडो फेडरेशन के प्रधान नामदेव शिरगांवकर द्वारा एशियन सीनियर ताइक्वांडो चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम के प्रशिक्षण व चयन के लिए कैम्प शुरू कर दिया गया है। बुधवार से झुंझुनूं



स्तिथ श्रीजेजेटी यूनिवर्सिटी परिसर में कैम्प के शुरू होने पर कुलाधिपति डॉ विनोद टिबड़ेवाला, कुलपति डॉ देवेन्द्र सिंह ढुल एवं श्री राजस्थानी सेवा संघ के पदाधिकारियों द्वारा शुभकामनाएं दी गई। खिलाड़ियों एवं फेडरेशन के अधिकारियों से परिचय प्राप्त करने उपरांत श्रीजेजेटी यूनिवर्सिटी कुलपति डॉ देवेन्द्र सिंह ढुल ने बताया कि मई में प्रस्तावित एशियन सीनियर ताइक्वांडो चैम्पियनशिप के लिए 10 दिवसीय शिविर का आयोजन करने की जिम्मेदारी पहली बार किसी यूनिवर्सिटी को मिली है। भारतीय दल के लिए 34 खिलाड़ियों को कैम्प में बुलाया गया है, जहां उनके प्रदर्शन के आधार पर पुरूष व महिला वर्ग में 8-8 खिलाड़ियों का चयन वियतनाम में होने वाली एशियन चैम्पियनशिप के लिए किया जाएगा। प्रशिक्षण शिविर में दिल्ली, जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, केरल, आसाम, चंडीगढ़, गुजरात, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, तमिलनाडु आदि राज्यों से खिलाड़ी अपनी प्रतिभा के बूते पर स्थान बनाएंगे। यही नहीं, इस शिविर में श्रीजेजेटी यूनिवर्सिटी झुंझुनूं के 4 खिलाड़ी आफरीन हैदर, अमन कादयान, शिवांश त्यागी, अजय गिल भी शामिल हैं।

## कैंडिडेट्स शतरंज : टूर्नामेंट में केवल चार दौर का खेल बाकी

# कारुआना से भिड़ेंगे गुकेश, प्रज्ञानानंदा का नाकमुरा से मैच

एजेंसी ▶▶| टोरंटो

रूस के इयान नेपोमनियाची के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रहे भारत के डी गुकेश कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट के 11वें दौर में जब यहां अमेरिका के शीर्ष वरीयता प्राप्त फाबियानो कारूआना से भिड़ेंगे तो उनकी नजरें इस मुकाबले को जीतकर शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत करने पर टिकी होंगी।

आर प्रज्ञानानंदा का मुकाबला अमेरिका के हिकारू नाकामुरा से होगा। टूर्नामेंट में केवल चार दौर का खेल बाकी है और भारत के इन दोनों किशोर खिलाड़ियों 17 साल के गुकेश और 18 साल के प्रज्ञानानंदा के पास अच्छा मौका है। विदित गुजराती ने भी मुकाबले में खुद को बनाए रखा है और उन्हें बस थोड़ा बेहतर प्रदर्शन करने की जरूरत है। शतरंज की वैश्विक संचालन संस्था फिडे के ध्वज तले खेल रहे नेपामनियाची टूर्नामेंट में एकमात्र अजेय खिलाड़ी हैं लेकिन उन्हें अगले दो दौर में कड़े प्रतिद्वंद्वियों से निपटना है। अगले दौर में विदित और नेपामनियाची आमने-सामने होंगे जबकि इसके बाद रूस के खिलाड़ी को प्रज्ञानानंदा से भिड़ना है। ये दो मैच संभवतः टूर्नामेंट की दिशा तय करेंगे और अगली विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर का फैसला करने के लिए महत्वपूर्ण हो सकते हैं। गुकेश के लिए करूआना के खिलाफ मुकाबला महत्वपूर्ण होगा क्योंकि भारतीय खिलाड़ी सफेद मोहरों से खेलेगा।




### जीत के लिए करेंगे हर संभव प्रयास

इतालवी अमेरिकी कारुआना लगातार छठी बार कैंडिडेट्स टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे हैं लेकिन उन्होंने इसे केवल एक बार जीता है। गुकेश 12वें दौर में सबसे निचले स्थान पर मौजूद अजरबेजान के निजात अबासोव को हराने पर ध्यान केंद्रित करेंगे, बशर्ते वह कारुआना को रोकने में सफल रहे। काले मोहरों के साथ अजरबेजान के अबासोव के खिलाफ खेलने वाले गुकेश निश्चित रूप से जीत के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। अबासोव को हालांकि सफेद मोहरों से खेलने का फायदा मिलेगा। भारतीय दृष्टिकोण से प्रज्ञानानंदा के अगले दो दौर के मुकाबले सबसे अधिक महत्वपूर्ण होंगे।

**डोर्टमंड ने एटलेटिको को दूसरे चरण में हराया : डोर्टमंड।** मार्सेल सेबिटजर ने एक गोल करने के अलावा दो गोल करने में मदद की जिससे बोरूसिया डोर्टमंड ने मंगलवार को यहां एटलेटिको मैड्रिड को दूसरे चरण के मुकाबले में हराकर चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाई। मैड्रिड में पहले चरण का मुकाबला 1-2 से गंवाने के बाद डोर्टमंड ने दूसरे चरण का मुकाबला 4-2 से जीता और कुल 5-4 से स्कोर से दो चरण का मुकाबला जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश करने में सफल रहा।


**कब्जा सूचना-(अचल सम्पत्ति हेतु) नियम 8-(1)**

चूंकि, प्रतिभूति हित अधिनियम, 2002 के प्रवर्तन और वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रत्याभूतिकरण और पुनर्निर्माण के तहत आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनैंस लि. के रूप में जानी जाती) (आईआईएफएल एचएफएल) का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते और अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमों, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये कम्पनी के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा एक डिमांड नोटिस जारी किया गया था जिसमें यहां नीचे वर्णित कर्जदारों / सह-कर्जदारों को उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के अंदर सूचना में वर्णित राशि का पुनर्भुगतान करने के लिये कहा गया। कर्जदार द्वारा राशि का पुनर्भुगतान करने में विफल रहने पर, कर्जदार को और आम जन को सामान्यतः एतद द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत उनको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये यहां नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा ले लिया है। कर्जदार को विशेषतः और आमजन को सामान्यतः एतद द्वारा सम्पत्ति के साथ डील नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई भी डीलिंग उस पर ब्याज सहित यहां नीचे वर्णितानुसार राशि के लिये आईआईएफएल एचएफएल की वसूली के अधीन होगी।

''कर्जदार का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की तरफ आमंत्रित किया जाता है, यदि कर्जदार बिक्री अथवा हस्तांतरण के लिये निर्धारित तिथि से पूर्व किसी भी समय सभी लागतों, हुये परिव्ययों और व्यय सहित ''आईआईएफएल एचएफएल'' को देय भुगतान कर देता है, प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों को ''आईआईएफएल एचएफएल'' द्वारा बेचा अथवा हस्तांतरित नहीं किया जाएगा और प्रत्याभूत परिसम्पत्तियों के हस्तांतरण अथवा बिक्री हेतु ''आईआईएफएल एचएफएल'' द्वारा आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा।''

| कर्जदार(ों) का नाम हरियाणा, शाखा | प्रत्याभूत परिसम्पत्ति (अचल सम्पत्ति) का वर्णन | कुल बकाया देय (रु.) | डिमांड नोटिस की तिथि | कब्जे की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री जितेन्द्र श्रीमती पिंकी डेयरी (**प्रोस्पैक्ट नं. IL10448979**) | गांव फरमाना खास, तहसील महम, जिला रोहतक, हरियाणा-124112 में स्थित खेवट नं. 972, खतौनी नं. 1023 में से सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से, क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति का प्रकार : Land_Area, Built_Up_Area, Carpet_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 2635.00, 1879.00, 1503.00 | रु. **738053.00/-** (रुपये सात लाख अड़तीस हजार तरेपन केवल) | 10- जन. 2024 | 13-अप्रैल-24 |
| श्री दलबीर सिंह, श्री हैप्पी श्रीमती सुमन रानी (**प्रोस्पैक्ट नं. 966895, 972498**) | गांव भोरिया, तहसील पिहोवा व जिला कुरुक्षेत्र, हरियाणा-136118 में स्थित खेवट नं. 108 में निहित सम्पत्ति के सभी भाग व हिस्से, क्षेत्रफल माप (वर्गफुट में) : सम्पत्ति का प्रकार : Land_Area, Super_Built_Up_Area, Carpet_Area, Built_Up_Area, सम्पत्ति क्षेत्रफल : 2041.88, 1177.00, 1020.93, 1347.63 | (**प्रोस्पैक्ट नं. 966895** रु. **889151.00/-** (रुपये आठ लाख नवासी हजार एक सौ इक्यावन केवल) (**प्रोस्पैक्ट नं. 972498** रु. **111964.00/** (रुपये एक लाख ग्यारह हजार नौ सौ चौंसठ केवल) | 09-जन. 2024 | 13-अप्रैल-24 |

अधिक विवरण हेतु कृपया प्राधिकृत अधिकारी से शाखा कार्यालय : एससीओ 41पी, प्रथम तल, सेक्टर-7, मेन मार्केट, करनाल-132001/अथवा कॉर्पोरेट कार्यालय : प्लॉट नं. 98, फेज-IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा में सम्पर्क करें।

स्थान : हरियाणा, दिनांक : 18.04.2024 — हस्ता/- प्राधिकृत अधिकारी, कृते आईआईएफएल होम फाइनैंस लिमिटेड




### मोदी की आतंकियों को घर में घुसकर मारने की टिप्पणी पर सफाई

# भारत-पाकिस्तान के बीच में नहीं आएगा अमेरिका

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने आतंकवादियों को मारने के लिए सीमा पार करने संबंधी प्रधानमंत्री मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के कथित बयानों पर कहा कि अमेरिका इस मसले में बीच में नहीं पड़ेगा लेकिन उसने भारत और पाकिस्तान को तनाव बढ़ाने से बचने और बातचीत के माध्यम से समाधान तलाशने' का अनुरोध किया है।

अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने मंगलवार को संवाददाताओं से बातचीत में यह बात कही। उनसे आतंकवादियों के सफाए के लिए अन्य देशों में भारत के कथित अभियानों के बारे में प्रश्न पूछा गया था। यह पूछे जाने पर कि क्या मोदी और सिंह की टिप्पणियों को कनाडा में (खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह) निज्जर की कथित हत्या, (घोषित आतंकवादी गुरपतवंत सिंह) पन्नू की न्यूयॉर्क में हत्या की साजिश और पाकिस्तान में हत्याओं के संदर्भ में ''इकबालिया बयान'' के रूप में देखा जा सकता है, इसपर मिलर ने कहा कि अमेरिका इस मसले में नहीं पड़ेगा।

### प्रतिबंधों के बारे में सार्वजनिक बात नहीं : मैथ्यू मिलर



- अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर की प्रतिक्रिया
- दोनों के बीच सार्थक और शांतिपूर्ण बातचीत का स्वागत करेंगे

### दोनों तनाव से बचें और बातचीत से समाधान तलाशे

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि अमेरिका इसमें नहीं पड़ेगा लेकिन हम भारत और पाकिस्तान दोनों को तनाव से बचने और बातचीत के माध्यम से समाधान तलाशने का आग्रह करते हैं। अमेरिका ने इस मामले में भारत पर प्रतिबंध लगाने के संबंध में विचार क्यों नहीं किया, इस प्रश्न के उत्तर में मिलर ने कहा कि मैं प्रतिबंधों के बारे में कुछ नहीं कहूंगा। अगर आप प्रतिबंधों के बारे में मुझसे पूछते हैं तो मेरा जवाब है कि हम इस पर सार्वजनिक तौर पर बात नहीं करते....। दरअसल इस महीने की शुरुआत में रक्षा मंत्री सिंह ने सीमा पार आतंकवाद से निपटने के लिए भारत के दृढ़ रुख का जिक्र करते हुए कहा था कि यदि आतंकवादी भारत में शांति भंग करने या आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने की कोशिश करते हैं तो उन्हें करारा जवाब दिया जाएगा और अगर वे पाकिस्तान भाग जाते हैं तो भारत पड़ोसी देश में घुस कर उन्हें मारेगा। हाल ही में ब्रिटेन के अखबार 'द गार्डियन' ने अपनी एक खबर में कहा था कि भारतीय खुफिया एजेंसियों ने 2019 के बाद से राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति कठोर रुख अपनाते हुए पाकिस्तान में आतंकवादियों की हत्याएं कीं हैं। रक्षा मंत्री से इसी संबंध में प्रश्न किया गया था। प्रधानमंत्री मोदी ने भी सीमा पार आतंकवाद से निपटने के लिए कथित तौर पर इसी प्रकार की कार्रवाई की बात कई बार दोहराई है।

### 29 नक्सलियों के मारे जाने के बाद पुलिस बोली

## कांकेर मुठभेड़ से माओवादियों के आपूर्ति नेटवर्क को भारी झटका

भाषा ▶▶ कांकेर

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित कांकेर जिले में मंगलवार को मुठभेड़ में 29 नक्सलियों के मारे जाने के बाद पुलिस ने दावा किया है कि इससे माओवादियों की उत्तर बस्तर 'डिवीजन कमेटी' को बड़ा झटका लगा है। उसका कहना है कि यह कमेटी क्षेत्र में अवैध लेवी वसूलने और संगठन के आपूर्ति नेटवर्क को संभालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही थी। कांकेर जिले के छोटेबेठिया थाना क्षेत्र में मंगलवार को सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में 29 नक्सलियों को मार गिराया था। पिछले तीन दशकों से अधिक समय से इस समस्या से जूझ रहे छत्तीसगढ़ में यह पहली बार है कि जब सुरक्षाबलों ने मुठभेड़ में इतनी बड़ी संख्या में नक्सलियों को मार गिराया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मारे गए दो नक्सलियों की पहचान शंकर राव और ललिता के रूप में की गई है।



### हम देश से नक्सलवाद को जल्द उखाड़ फेंकेंगे: शाह



कांकेर मुठभेड़ पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि मंगलवार को छत्तीसगढ़ में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। जब से मोदी जी प्रधानमंत्री बने हैं तब से नक्सलवाद और आतंकवाद के खिलाफ भाजपा सरकार ने लगातार अभियान चलाया है। बहुत कम समय के अंदर प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हम देश से नक्सलवाद को उखाड़ फेंकेंगे।

### कश्मीर नौका हादसा : तीन लापता लोगों की तलाश जारी

**श्रीनगर (भाषा)।** श्रीनगर शहर के बाहरी इलाके में मगंलवार को झेलम नदी में नाव पलट जाने के बाद से लापता तीन लोगों की तलाश के लिए बुधवार को बचाव-अभियान शुरू किया गया। इस हादसे में छह लोग मारे गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि बुधवार की सुबह तलाशी अभियान फिर से शुरू किया गया। राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (एसडीआरएफ), राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और जम्मू-कश्मीर पुलिस की टीमें झेलम नदी में लापता हुए लोगों की तलाश कर रही हैं। उन्होंने बताया कि भारतीय नौसेना के समुद्री कमांडो (मार्कोस) को भी राहत-बचाव अभियान में तैनात किया गया है। अधिकारियों के अनुसार, अभी भी तीन लोग लापता हैं। नाव में अधिकतर स्कूल के छात्र मौजूद थे और गंदबल नौगाम इलाके में मंगलवार यह दुर्घटना का शिकार हो गई। बचावकर्मियों ने नदी से छह लोगों के शव बरामद किये। पिछले कुछ दिनों से लगातार हुई बारिश के कारण झेलम नदी के साथ ही झीलों एवं जलाशयों के जलस्तर में वृद्धि हुई है।



### भारत में यकीनन यह मोदी युगः अमेरिकी स्तंभकार

वाशिंगटन(भाषा)। दक्षिण एशिया मामलों के एक प्रख्यात अमेरिकी विशेषज्ञ और स्तंभ लेखक का कहना है कि भारत में यह यकीनन मोदी युग है और देश में होने जा रहे लोकसभा चुनाव में सत्तारूढ़ दल भाजपा की स्थिति स्पष्ट तौर पर मजबूत है और वह तीसरी बार सत्ता में वापसी करेग। 'वॉल स्ट्रीट जर्नल' के लिए दक्षिण एशिया मामलों के स्तंभकार तथा थिंक टैंक 'अमेरिकन इंटरप्राइज इंस्टीट्यूट' से जुड़े सदानंद धूमे ने साक्षात्कार में यह बात कही। धूमे ने कहा कि भारत में यह मोदी युग है। भारतीय संदर्भों में निस्संदेह यह मोदी युग है। जैसे 2015 से अमेरिकी राजनीति में ट्रंप युग रहा है, भले ही वह सत्ता में हों या नहीं हों। भारत में लगभग 2013 से स्पष्ट तौर पर मोदी युग है...।'धूमे ने कहा कि आप चाहें उन्हें पसंद करें या उनसे घृणा करें लेकिन वह राष्ट्रीय चर्चा के केंद्र में हैं। अगर आप इंदिरा के समय से लेकर अब तक की राजनीति पर नजर दौड़ाएं तो आप पाएंगे कि कोई भी ऐसा नेता नहीं है जो राष्ट्रीय चर्चा में इस तरह से केंद्र में रहा हो।'



■ मोदी की व्यक्तिगत लोकप्रियता काफी ऊंची बनी हुई

### संसदीय चुनाव पहले की तुलना में ज्यादा महत्वपूर्ण

वाशिंगटन(भाषा)। भारतीय मूल के प्रतिष्ठित अमेरिकी प्रोफेसर ने यहां कहा कि भारत में इस सप्ताह शुरू होने वाले संसदीय चुनाव पिछले कुछ समय की तुलना में सबसे महत्वपूर्ण चुनाव होंगे। जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय के प्रोफेसर इरफान नूरुद्दीन ने कहा कि भारत में लोकतांत्रिक मूल्यों में गिरावट के संबंध में आलोचना थोड़ी ज्यादा लगती है, लेकिन कर अधिकारियों का उपयोग करके नेताओं को निशाना बनाने के केसों की पड़ताल जरूरी है। जॉर्जटाउन विवि में भारतीय राजनीति विषय के प्रोफेसर हमाद बिन खलीफा अल सानी नूरुद्दीन ने कहा कि पिछले कुछ समय की तुलना में ये चुनाव हमारे लिए महत्वपूर्ण हैं। एक ओर, बहुमत वाली सरकार है जो बहुमत का विस्तार करना चाह रही है, इससे भारत के साथ-साथ विदेश में भी इस बात को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं कि भारत को लोकतांत्रिक पतन, विरोध जताने को लेकर डर, धमकी, केजरी जैसी हस्ती की गिरफ्तारी और मीडिया की स्वतंत्रता पर चिंता का सामना करना पड़ सकता है।



■ लोकतांत्रिक मूल्यों में गिरावट में आलोचना लगती थोड़ी ज्यादा

### पाकः 'एक्स' की सेवाओं को निलंबित करने पर सिंध हाईकोर्ट सख्त

कराची (भाषा।) पाकिस्तान में सोशल मीडिया मंच 'एक्स' की सेवाओं को फरवरी से लगातार निलंबित किए जाने को लेकर अप्रसन्नता जताते हुए सिंध उच्च न्यायालय (एसएचसी) ने बुधवार को गृह मंत्रालय को एक सप्ताह के भीतर निलंबन के संबंध में अपना निर्णय रद करने का निर्देश दिया। 'जियो न्यूज' की खबर के अनुसार उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश अकील अहमद अब्बासी ने 'एक्स' की सेवाओं पर निलंबन को लेकर कई याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए कहा, ''आप (गृह मंत्रालय) ऐसा करके क्या हासिल कर रहे हैं। एलन मस्क के स्वामित्व वाले सोशल मीडिया मंच 'एक्स' की सेवाओं को फरवरी में निलंबित कर दिया गया था।

■ गृह मंत्रालय को सप्ताह के भीतर निलंबन के संबंध में निर्णय रद करने का निर्देश दिया

### राजगढ़ में यूपीएससी में चयन नहीं हुआ तो महिला ने दी जान

**खिलचीपुर।** राजगढ़ जिले के खिलचीपुर में एक महिला फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। महिला का नाम दिव्या शर्मा है जो कि एसडीएम बनना चाहती थी। परिजन का कहना है कि दिव्या का एमपीपीएससी क्लियर नहीं हो पाया था जिससे वो काफी दुखी थी। वो अक्सर कहती थी कि वो सुसाइड कर लेगी और अब उसने अपनी जान दे दी।

### एल्गार परिषद मामले की आरोपी शोमा सेन मुंबई जेल से बाहर आईं

**मुंबई (भाषा)।** एल्गार परिषद-माओवादी संबंध मामले की आरोपी एवं नागपुर विश्वविद्यालय की पूर्व प्रोफेसर शोमा सेन को बुधवार दोपहर यहां एक जेल से रिहा कर दिया गया। उच्चतम न्यायालय ने अंग्रेजी भाषा की 66 वर्षीय प्रोफेसर को 2018 के एक मामले में पांच अप्रैल को जमानत दे दी थी। जेल अधिकारी ने कहा कि सेन सभी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद मध्य मुंबई की भायखला जेल से बाहर आ गईं।

### यूक्रेन के चेर्निहाइव में रूसी मिसाइल हमले में 17 की मौत

**कीव (एपी)।** रूस की तरफ से दागी गई तीन मिसाइल उत्तरी यूक्रेन के चेर्निहाइव में आठ मंजिला इमारत पर गिरीं जिसमें 17 की मौत हो गई। यूक्रेन की आपातकालीन सेवा ने बताया कि हमले में तीन बच्चों सहित कम से कम 61 लोग घायल हो गए। रूस-बेलारूस की सीमा के पास चेर्निहाइव स्थित है।




### प्रेस की स्वतंत्रता को किसी व्यक्ति की प्रतिष्ठा के अधिकार के साथ संतुलित करना होगा: हाईकोर्ट

**मुंबई (भाषा)।** बम्बई उच्च न्यायालय ने एक कारोबारी को निशाना बनाने वाले वेब आलेख और वीडियो को हटाने का निर्देश देते हुए एक पत्रकार से कहा है कि प्रेस की स्वतंत्रता का इस्तेमाल किसी व्यक्ति की प्रतिष्ठा के 'अंतर्निहित' अधिकार का उल्लंघन करने के लिए नहीं किया जा सकता है। अदालत ने यह भी कहा कि खोजी पत्रकारिता को कोई विशेष संरक्षण प्राप्त नहीं है। न्यायमूर्ति भारती डांगरे ने दो अप्रैल को जारी अपने आदेश में कहा कि स्वतंत्र पत्रकार वाहिद अली खान द्वारा अपलोड किए गए लेख और वीडियो प्रथम दृष्टया मानहानिकारक हैं। आदेश की प्रति बुधवार को उपलब्ध हुई। दुबई से कारोबार करने वाले स्वर्ण व्यापारी खंजन ठक्कर ने अंतरिम आदेश जारी करने का अदालत से अनुरोध किया था कि खान को उनकी आलोचना करने वाले सभी सोशल मीडिया लेखों और वीडियो को हटा देना चाहिए। ठक्कर ने उच्च न्यायालय में खान पर मानहानि का मुकदमा दायर कर 100 करोड़ रुपये के मुआवजे की मांग की है।

खान के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर कर 100 करोड़ के मुआवजे की मांग की

### इसरो अध्यक्ष सोमनाथ बोले

## भारतीय के चंद्रमा पर उतरने तक चंद्र मिशन जारी रहेगा

भाषा ▶▶ अहमदाबाद

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने बुधवार को कहा कि अंतरिक्ष निकाय अपनी चंद्रयान श्रृंखला तब तक जारी रखेगा जब तक देश का कोई अंतरिक्ष यात्री चंद्रमा पर नहीं उतर जाता। अंतरिक्ष एजेंसी के चंद्रयान-3 अंतरिक्ष यान ने पिछले साल अगस्त में चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर 'सॉफ्ट लैंडिंग' की और इसके साथ ही भारत यह उपलब्धि हासिल करने वाला पहला देश बन गया। सोमनाथ ने संवाददाताओं से कहा कि चंद्रयान-3 ने बहुत अच्छा काम किया है। आंकड़े एकत्र कर लिए गए हैं और वैज्ञानिक प्रकाशन अभी शुरू हुआ है। हम चंद्रयान श्रृंखला को तब तक जारी रखना चाहते हैं जब तक कि कोई भारतीय चंद्रमा पर नहीं उतर जाता।



■ एयरड्रॉप परीक्षण 24 को होगा

### इस साल यह तैयारी

पहले हमें कई तकनीकों में विशेषज्ञता हासिल करनी होगी, जैसे वहां जाना और वापस आना। हम अगले मिशन में ऐसा करने की कोशिश कर रहे हैं। वह 'एस्ट्रोनॉटिकल सोसायटी ऑफ इंडिया' द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर अहमदाबाद आए थे। सोमनाथ ने देश के पहले मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन - गगनयान के बारे में कहा कि इसरो इस साल एक मानवरहित मिशन, एक परीक्षण यान मिशन और एक 'एयरड्रॉप' परीक्षण करेगा। एयरड्रॉप परीक्षण 24 अप्रैल को होगा। अगले साल दो मानव रहित मिशन होंगे और अगर सब कुछ ठीक रहा, तो अगले साल के अंत तक मानव मिशन होगा।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2023-25